दिन– बुधवार | दिनांक– 28/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की।

02. प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज दस वर्ष पूरे हुये। योजना के तहत अब तक तिरेपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

03. भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया और कटिहार जिले में बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं। हजारों की आबादी प्रभावित।

04. और, राज्यभर में विभिन्न नगर निकायों के आयुक्त और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बदले गये। प्रीति को भागलपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया।

---

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने आज डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए तत्काल कदमों पर राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ एक बैठक की। गृह सचिव ने अधिकारियों से

कम रोशनी वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के लिए 112 हेल्पलाइन के साथ एकीकरण, बड़े अस्पतालों तक आसानी से पहुंच, अस्पतालों में भारतीय न्याय संहिता के तहत संशोधित स्थिति को साझा करने को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने राज्यों को नवीन विचारों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित किया और कुछ तत्काल उपायों पर जोर दिया, जिन पर सुरक्षा बढ़ाने और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने पर विचार किया जा सकता है। इनमें मौजूदा बुनियादी ढांचे और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी कमी की समीक्षा करने और उपचारात्मक उपाय करने के लिए जिला कलेक्टर और डीएसपी और जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधन के साथ संयुक्त सुरक्षा ऑडिट शामिल है।

---

बिहार पुलिस महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अगले महीने सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत कर रही है। अपर पुलिस महानिदेश निर्मल कुमार आजाद ने कहा कि राज्य के छह जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय और नालंदा में

पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना शुरू होगी। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी कभी भी पुलिस की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं।

———बाईट———

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक तिरेपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सड़सठ प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से पचपन प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

प्रधानमंत्री जनधन योजना दुनिया का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम है। इसके जरिए गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में लाने के लिए उन्हें बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया गया है। इस योजना के माध्यम से उन लोगों के लिए छोटी बजट योजनाओं और ऋण सुविधा का लाभ हासिल करने के रास्ते खुल गए हैं, जो पहले बैंकिंग सुविधा से नहीं जुड़े हुए थे। इस योजना की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देशभर में अब तक का 53 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाता खोले जा चुके हैं। इन खातों में करीब दो लाख तीस हजार करोड रुपए जमा है। इसके अलावा 36 करोड़ से अधिक निशुल्क रुपे कार्ड जारी किए गए हैं। जिसके जरिए दो लाख रुपए का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाता है, साथ ही जनधन खाता धारकों को आपातकालीन स्थिति में दस हजार रुपये तक की ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी दी जाती है। इस योजना की खास बात यह है कि जनधन खाता खोलने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है और इसके लिए खाते में न्यूनतम शेष राशि को बनाए रखने की कोई जरूरत नहीं है। भूपेंद्र सिंह के साथ दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफएम चैनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस फैसले से मातृभाषा में स्थानीय सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल के निर्णय से श्रेणी–दो और तीन के शहरों में एफएम रेडियो की पहुंच बनेगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में स्थानीय प्रतिभाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय क्षेत्र की योजना कृषि अवसंरचना कोष के विस्तार को भी मंजूरी दे दी है। इससे देश में कृषि क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं मजबूत होगी और किसानों को मदद मिलेगी। कृषि अवसंरचना कोष किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की राशि के साथ वर्ष 2020 में स्थापित किया गया था।

---

नालंदा स्थित नव नालंदा महाविहार में 'गुरु पद्मसंभव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्फेड की ओर से किया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के बाद गुरु पद्मसंभव ने भगवान बुद्ध के विचारों को पूरे विश्व में प्रचारित–प्रसारित करने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमें उनकी शिक्षाओं और विचारों को आत्मसात करते हुए भावी पीढ़ी के बीच ले जाना है। इस अवसर पर राज्यपाल ने एक पाली हिंदी शब्दकोश का भी लोकार्पण किया।

---

नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों और प्रदेश में बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, भागलुपर और कहलगांव में भी गंगा नदी लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, घाघरा नदी सीवान के गंगपुर सिसवन, बूढ़ी गंडक नदी समस्तीपुर तथा रोसड़ा और बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

---

प्रदेश में बाढ़ के कारण भागलपुर, पश्चिमी चंपारण, खगड़िया, किशनगंज, पटना और कटिहार जिलों में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। गंगा, गंडक, कोसी, महानंदा और अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण विभिन्न जिलों के निचले इलाकों और तटीय क्षेत्रों से हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं। भागलपुर जिले में गंगा नदी में उफान के कारण विभिन्न प्रखंडों में एक बड़ी आबादी प्रभावित है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

इधर, कटिहार जिले में गंगा और बरंडी नदी की बाढ़ से अमदाबाद ,मनिहारी, मनसाही और बरारी प्रखंडों के दर्जनों गांव प्रभावित है। और ब्यौरा हमारे संवाददताा से—

———बाईट———

कटिहार जिले के अमदाबाद ,मनिहारी, मनसाही और  बरारी प्रखंड के कई गांव में बाढ़ के कारण जनजीवन प्रभावित है। अमदाबाद प्रखंड के उत्तरी करीमुल्लापुर, दक्षिणी करीमुल्लापुर, दुर्गापुर भवानीपुर, खट्टी पारदियारा इत्यादि पंचायत टापू में बदल गए हैं। इन क्षेत्रों में अभी तक राहत कैम्प नहीं चलाये जाने से लोगों में काफी आक्रोश है। पानी प्रवेश कर जाने के कारण पांच प्रखंडों के 28 स्कूलों को बंद कर समीप के दूसरे स्कूल में टैग कर दिया गया है। लेकिन आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चे दूसरे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ के कारण प्रभावित **क्षेत्रों** के 89 विद्यालयों को आगामी पांच सितंबर तक बंद करने का आदेश दिया गया है।

———बाईट———

गंगा नदी में उफान से परवत्ता प्रखंड के कज्जलवन दियारा, विकास नगर, सलारपुर आदि गांव में दर्जनों घरों में पानी प्रवेश कर गया है । सैकड़ों एकड़ में लगी फसल भी डूब गई है। सहमें लोग अपने सामानों को सुरक्षित

करने में लगे हैं। जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे के निर्देश पर जिला 89 विद्यालयों को आगामी 5 सितंबर तक बंद करने का आदेश दिया है। गंगा और गंडक नदी अभी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं कोशी और बागमती नदी में उतार चढ़ाव की स्थिति बनी है। परवत्ता में जी एन बांध और रिंग बांध पर पानी का दबाब बना हुआ है, जिससे सटे गांव के लोग सहमें हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामन्य बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास, गया, नवादा और औरंगाबाद जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने आज कई आईएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसके तहत कई नगर निगम और जिला परिषद में नये नगर आयुक्त और मुख्य कार्यपालक अधिकारी पदस्थापित हुये हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार दीपक कुमार मिश्रा को नालंदा का नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं, श्रेष्ठ अनुपम को मुजफ्फरपुर जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है।

दानापुर के अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप सिंह को भागलपुर जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। अभिषेक पलासिया को खगड़िया जिला परिषद जबकि अनुपमा सिंह को आरा जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। चंद्रिमा अत्री पूर्णियां, कुमार निशांत विवेक गोपालगंज, जितेन्द्र कुमार पाल छपरा, प्रियंका रानी नवादा और सुमीत कुमार को बेतिया नगर परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। प्रीति को भागलपुर नगर निगम को आयुक्त और नवीन कुमार को गया जिला परिषद का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं, सामान्य विभाग ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी पंकज कुमार राज सेवाएं गृह विभाग को वापस कर दी गयी है। वे बिहार खेल प्राधिकारण के निदेशक के रूप में पदस्थापित थे।

---

केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती की छठे और अंतिम चरण की परीक्षा आज प्रदेश के पांच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गयी। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न केन्द्रों से कदाचार के आरोप में कुछ अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया है।

---

पटना के मोकामा और बेगूसराय के बीच स्थित राजेन्द्र सेतु पर स्लैब निर्माण कार्य के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक आवागमन बंद कर दिया गया है।

---

01. चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की।

02. प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज दस वर्ष पूरे हुये। योजना के तहत अब तक तिरेपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

03. भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया और कटिहार जिले में बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं। हजारों की आबादी प्रभावित।

04. और, राज्यभर में विभिन्न नगर निकायों के आयुक्त और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बदले गये। प्रीति को भागलपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया।

---

समाप्त